# प्रेस नोट
## जनपद फतेहपुर दिनांक 25.03.2025

प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन के 08 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन फतेहपुर के मैदान में महाकुम्भ-2025 को सकुशल संम्पन्न कराने वाले अधिकारी/कर्मियों को मुख्य अतिथि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन प्रयागराज द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया, 150 ग्राम प्रहरियों को साइकिल वितरित की गयी तथा 64 गुमशुदा/खोये हुये बरामद मोबाइलों (कीमत लगभग 13 लाख रुपये) को उनके वास्तविक स्वामियों के सुपुर्द किया गया व यूपी 112 व महिला पुलिस कर्मियों द्वारा जनजागरण हेतु रैली निकाली गयी जिसको मुख्य अतिथि महोदय द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में रिजर्व पुलिस लाइन फतेहपुर मैदान में दिनांक 25.03.2025 से दिनांक 27.03.2025 तक जन जागरुकता के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, जिसमें प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन के 08 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आम जनमानस को यातायात व्यवस्था ,सुरक्षा, सुविधा एवं सहायता हेतु चलायी जा रही योजनाओं, किये गये कार्यों एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्रदान की गयी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन प्रयागराज तथा विशिष्ठ अतिथि पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र प्रयागराज श्री प्रेम गौतम द्वारा पुलिस अधीक्षक फतेहपुर श्री धवल जायसवाल की उपस्थिति में महाकुंम्भ-2025 को सकुशल संम्पन कराने में योगदान देने वाले जनपद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों 1.पुलिस उपाधीक्षक श्री प्रभात कुमार तिवारी 2. पुलिस उपाधीक्षक श्री वीर सिंह 3. पुलिस उपाधीक्षक श्री दुर्गेश दीप 4. प्रतिसार निरीक्षक श्री राजेश कुमार सिंह 5.निरीक्षक श्री रामआशीष यादव 6. उप निरीक्षक श्री धीरेन्द्र पांडेय 7.मु0 आरक्षी श्री संदीप यादव 8. आरक्षी श्री अशोक कुमार 9.कुक राजू 10.कुक जय ठाकुर 11.महिला कुक फूलपत्ती 12. महिला कुक पार्वती 13.महिला कुक सुनीता सरोज सहित 147 लोगों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

सड़क सुरक्षा हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सीपीएस स्कूल के छात्रों द्वारा जागरुकता हेतु नुक्कड़ नाटक आयोजित कर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये संदेश दिया गया। छात्रों को मुख्य अतिथि व विशिष्ठ अतिथि द्वारा मोमेंटो प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि महोदय द्वारा जनपद के विभिन्न थानों से आये 150 ग्राम प्रहरियों से संवाद कर कर्तव्य बोध कराते हुये साइकिल वितरित की गयी।

शहर क्षेत्र में जनजागरुकता हेतु यूपी 112 व महिला पुलिस कर्मियों द्वारा निकाली गयी जागरुकता रैली को मुख्य अतिथि महोदय द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया ।

साथ ही आमजन के खोये/गुमशुदा 64 बरामदशुदा मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों के सुपुर्द किया गया। कार्यक्रम के समापन पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक फतेहपुर द्वारा मुख्य अतिथि महोदय एवं विशिष्ठ अतिथि महोदय को धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।